UPKU010002522017

**न्यायालय–अपर सत्र न्यायाधीश,एफ०टी०सी०–I, कुशीनगर स्थान–पडरौना।**

सत्र परीक्षण संख्या–45/2017

सरकार बनाम श्यामबदन पाल व अन्य।

**26.05.2022 (लंच उपरान्त)**

अभियुक्तगण द्वारा आज PW–1 का जिरह नहीं किया गया और न ही कोई वकालतनामा दाखिल किया गया।

वादी मुकदमा PW–1 को PNO 182622465 श्री संदीप गौतम, थाना सेवरही की सुरक्षा में न्यायालय में उपस्थित किया गया है।

अभियुक्तगण द्वारा PW–1 के जिरह का अवसर समाप्त किया जाता है।

अभियुक्त श्यामबदन द्वारा एक लिखित पत्र जेब से निकालकर न्यायालय में देने की कोशिश की गई, उसे रिकॉर्ड पर दाखिल करने को कहने पर अभियुक्त द्वारा उक्त पत्र को फाड़कर पुनः जेब में रख लिया गया। अभियुक्त द्वारा पूछे जाने पर उक्त पत्र में स्वयं द्वारा आत्महत्या कर लेने का कथन किया गया। उक्त पत्र के टुकड़ों को कोर्ट मुहर्रिर के द्वारा लिफाफे में बंद कर सील मुहर कर दिया गया। उक्त पत्र के टुकड़ों को जो सील मुहर लिफाफे में बंद है, जेल अधीक्षक को प्रेषित हो एवं अभियुक्त श्यामबदन के मानसिक स्वास्थ्य के बाबत रिपोर्ट तलब हो, ताकि अभियुक्त को फेयर ट्रायल मिल सके। गवाह सं० 2 दिनांक 15.06.2022 के लिए तलब हो।

अपर सत्र न्यायाधीश, एफ०टी०सी०–I,
कुशीनगर स्थान पडरौना।

Digitally signed by MADAN MOHAN
Date: 2022.05.26 15:44:54 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court